शिर्डी के साईं बाबा बिगड़ी मेरी बनाना

शिर्डी के साईं बाबा बिगड़ी मेरी बनाना |
तेरे दर पे आ गया है, तेरा यह इक दीवाना ||

किसी ने कहा तू है देवो का राजा,
किसी ने कहा बाबा मेरे पास आजा |
किसी का तू भोला, किसी का कहना,
सब के तू दिल का सहारा बने |
तेरी रहमतो से ही है चलता सारा ज़माना ||

सभी पे कृपा करना, सदा कष्टों को हारना,
तेरा दामन न छूटे, चाहे यह दुनिया रूठे,
भाबुती ले जो तेरी, ख़ुशी से दामन भरना,
सभी को गले लगाना, सच्चा रास्ता दिखलाना,
सच्चाई ऐसी दौलत है, कभी जो कम नहीं होती,
मुसीबत लाख आ जाए, जीत सच्चाई की होती,
साईं की जो महिमा है गाते, श्रद्धा सबरी में डूब जाते,
उनका है यह ज़माना |
सब का है एक मालक, फिर से बताते जाना ||

तेरी रहमतो से बाबा सब को मिले सहारे,
हम पर भी दया करना, हम भी तो है तुम्हारे |
सिर पे जो हाथ रख दो, भर जाते हैं भंडारे,
भक्ति की दौलते दो, हो जाए वारे न्यारे |

तेरी शिर्डी में आना है, हमें भी दर्शन पाना है |
तेरी नगरी को देखेंगे, तेरा गुणगान गाना है ||
तेरा बछडा कमल दीवाना, शशि विजय गाते हैं तराना, सब को सुनायेंगे |
दिल तो मेरा यह चाहे चरणों में हो ठिकाना ||

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/122/title/shrdi-ke-sai-baba-bigdi-meri-banana

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |